भा.कृ.अनु.प. - केन्द्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान के क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र भरूच द्वारा “विश्व पर्यावरण दिवस”का आयोजन

केन्द्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान के भरूच स्थित क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र द्वारा दिनांक 05/06/2023 को **“विश्व पर्यावरण दिवस”** का आयोजन किया गया| कार्यक्रम की शुरुआत में संस्थान की वैज्ञानिक तथा कार्यकारी अध्यक्ष डा. मोनिका शुक्ला ने सभी कर्मचारियों को पर्यावरण दिवस एवं इसके महत्व से अवगत कराया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के महत्त्व के बारे में बताया और इस बात पर भी जोर दिया कि हम अपने आसपास की चीजों का पुन: उपयोग और पुनर्चक्रण कैसे कर सकते हैं। इसके पश्चात् डॉ. सागर विभूते द्वारा “पर्यावरण संरक्षण: वैश्विक स्तर पर उठाये गए कदम” के बारे में सभी को जानकारी दी गयी| संस्थान की वैज्ञानिक डा. मोनिका शुक्ला द्वारा “घर के बगीचे में जैविक तरीके से पोषक तत्व प्रबंधन” के बारे में जानकारी दी गयी| घर में निकलने वाले रसोई के कचरे से जैविक खाद तथा लिक्विड खाद बनाने की विधि भी उनके द्वारा बताई गयी| तत्पश्चात “वेस्ट से बेस्ट” बनाने के प्रयास में संस्थान के सभी कर्मचारियों द्वारा पानी की प्लास्टिक बोतलों से तरह-तरह के प्लान्टर बनाए गए। इसके साथ ही बेकार पड़ी प्लास्टिक बोरियों से पौधे लगाने के लिए ग्रो-बैग बनाना भी सीखा| संस्थान को हरा-भरा व सुन्दर बनाने के लिए सभी कर्मचारियों ने गमले तथा जमीन में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अशोक कुमार, प्रज्ञा पारेख, नवीन कुमार, आकांक्षा विश्वकर्मा, रामाभाई, मंजुबेन सहित समस्त कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

ICAR – CSSRI

After
Before

CSSRI
BHARUCH
Before
After